**भारतीय जनता पार्टी**
**(केंद्रीय कार्यालय)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

23 अप्रैल 2026, गुरुवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के बालागढ़ और पुरसुरा में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु**

***************

**बंगाल में पहले चरण का मतदान बता रहा है कि ममता दीदी का सूपड़ा साफ होने वाला है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही है**

**बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही हर महीने बंगाल की माताओं-बहनों के खाते में ₹3,000 डाले जाएँगे और उन्हें सरकारी बसों में पैसे भी नहीं देने पड़ेंगे**

**4 मई को बंगाल की जनता ममता दीदी को टाटा-बाय-बाय करेगी और बंगाल को सिंडिकेट के 'भाईपो टैक्स' से मुक्ति मिलेगी**

**भाजपा सरकार बनने पर बंगाल में घुसपैठ बंद होगी, जो घुसपैठिए घुस चुके हैं, उन्हें चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा**

**ममता दीदी सुन लें, जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, कोई बाबरी मस्जिद नहीं बना सकता**

**भाजपा सरकार बंगाल के बालागढ़ में आशुतोष मुखर्जी जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का भव्य स्मारक बनाएगी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बालागढ़ और पुरसुरा में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और तृणमूल कांग्रेस की सरकार में पश्चिम बंगाल में व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा तथा घुसपैठ को लेकर ममता बनर्जी की जमकर आलोचना की और प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। इसके उपरांत श्री शाह ने उत्तर 24 परगना के बारासात में भव्य रोड शो किया। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर बालागढ़ से प्रत्याशी श्रीमती सुमना सरकार, पुरसुरा से प्रत्याशी श्री बिमान घोष, बारासात से प्रत्याशी श्री शंकर चटर्जी और मध्यमग्राम से प्रत्याशी श्री अनिंद्य बनर्जी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज अभी कुछ देर में, पहले चरण का चुनाव समाप्त हो जाएगा। पहले चरण में ममता बनर्जी के किसी भी गुंडे की इतनी हिम्मत नहीं हुई कि वह बंगाल के मतदाताओं की ओर उँगली उठाकर भी देख सके। जिस मात्रा में साढ़े चार बजे तक 80% से अधिक मतदान हुआ है, वह स्पष्ट संकेत देता है कि और 4 तारीख को टीएमसी का सूपड़ा साफ़ हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बंगाल में बनने जा रही है और हमारी प्रत्याशी श्रीमती सुमना सरकार यहाँ से विधायक बनने जा रही हैं। आज हम उस जगह आए हैं, जो 'बंगाल टाइगर' आशुतोष मुखर्जी की पवित्र भूमि है। आशुतोष मुखर्जी जी के सुपुत्र डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमारी पार्टी की स्थापना की और कश्मीर में से धारा 370 हटाने के लिए अपना बलिदान दिया। हम आज बंगाल टाइगर आशुतोष मुखर्जी साहब और महान नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी प्रणाम करते हैं। इसी ज़िले में आशुतोष मुखर्जी जी का मकान है और भाजपा सरकार बनने के बाद आशुतोष जी और श्यामा प्रसाद जी का भव्य स्मारक बनाया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह बंगाल का जो चुनाव है, उसमें 29 तारीख को लोगों को कमल के निशान पर बटन दबाना है। बटन दबाना है बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए। बंगाल की भूमि से घुसपैठियों को निकालना चाहिए और ममता बनर्जी और भाइपो उन्हें नहीं निकालेंगे। भाजपा सरकार बनने के बाद हम चुन-चुनकर घुसपैठियों को निकालने का काम करेंगे। ये घुसपैठिए बंगाल के युवाओं की नौकरी खा रहे हैं, ग़रीबों का राशन खा रहे हैं और देश को असुरक्षित करने का काम करते हैं। 5 तारीख के बाद बंगाल में एक भी घुसपैठिया प्रवेश नहीं कर पाएगा, यह भाजपा का वादा है। जो घुस गए हैं, उन्हें सिर्फ़ मतदाता सूची से नहीं, बल्कि बंगाल की भूमि से निकालने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। बालागढ़ का नाव उद्योग एक जमाने में पूरे क्षेत्र के अंदर रोजगार देता था, लेकिन ममता बनर्जी की सिंडिकेट के कारण नाव उद्योग बंद हो गया। ममता बनर्जी ने 41 कारखाने बंद कराए हैं। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद, ये सारे नाव बनाने के कारख़ाने फिर से शुरू कर दिए जाएंगे।

श्री शाह ने कहा कि बंगाल के लोग सिंडिकेट से परेशान हैं। बालू लेना हो तो सिंडिकेट को कटमनी देना पड़ता है, ईंट लेनी हो तो सिंडिकेट को कटमनी देना पड़ता है और सीमेंट लेना हो तो भाईपो टैक्स देना पड़ता है। अब चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, बंगाल के लोगों को अब ममता बनर्जी को टाटा और बाय-बाय करना है। राज्य में सरकार बनने के बाद, सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा करेगी। अवैध बालू खनन, मिट्टी की तस्करी और गौ माता की तस्करी करने वालों के लिए बंगाल की भूमि पर कोई जगह नहीं बचेगी। कुछ दिन पहले ममता बनर्जी के गुंडे कहते थे कि आप प्रचार कर लो, हम वोट ही नहीं डालने देंगे, लेकिन डरने की ज़रूरत नहीं है। टीएमसी के गुंडे कान खोलकर सुन लें कि 29 तारीख को एक भी मतदाता को उँगली भी लगाई तो उनकी जगह बंगाल की खाड़ी में

होगी। चुनाव आयोग ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल की बहुत अच्छी व्यवस्था की है और किसी को डरने की ज़रूरत नहीं है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बहुत पहले ही बनना चाहिए था। पहले मुग़लों ने रोका, फिर अंग्रेज़ों ने रोका और उसके बाद कांग्रेस तथा टीएमसी ने रोका। 2019 में लोगों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने राम मंदिर बनाकर "जय श्री राम!" का उद्घोष कराया। अब जब राम मंदिर बन गया है, तो ममता बनर्जी के चेला हुमायूँ कबीर बाबरी मस्जिद बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी कान खोलकर सुन लें कि यह बंगाल भारत की भूमि है और जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, तब तक बंगाल की भूमि पर बाबरी मस्जिद नहीं बनने दी जाएगी। ममता बनर्जी का समय अब समाप्त हो गया है और वह भाईपो को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। बंगाल का मुख्यमंत्री बंगाल की मिट्टी का, बंगाली मीडियम में पढ़ा हुआ होगा और बंगाली बोलने वाला ही बनेगा। लेकिन ममता बनर्जी खुश न हों, भाईपो नहीं, बल्कि भाजपा का ही कार्यकर्ता बंगाल का अगला मुख्यमंत्री बनेगा।

श्री शाह ने कहा कि बंगाल में आलू किसानों को आलू का दाम नहीं मिल रहा है और धान का भी उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार बनते ही आलू किसानों के आलू को बिहार, झारखण्ड और ओडिशा भेजकर अधिक दाम दिलाने की व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी करेगी। इतनी बड़ी आलू की खेती होने के बावजूद बीज संस्करण का एक भी कारखाना नहीं है और बंगाल का बीज पंजाब से आता है। ऐसे में आलू के दाम अधिक मिलेंगे ही, परंतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार यहाँ बीज उत्पादन केंद्र भी स्थापित करेगी। इसके परिणामस्वरूप बीज के दाम आधे हो जाएंगे। एक ओर आलू का दाम दस गुना बढ़ेगा और दूसरी ओर बीज का दाम आधा हो जाएगा, जो आलू के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। भाजपा ने तय किया है कि इस ज़िले से लेकर विष्णुपुर तक दस स्थानों पर आलू के चिप्स बनाने के कारखाने स्थापित किए जाएंगे, ताकि किसानों को आलू का बेहतर मूल्य मिल सके।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि ममता बनर्जी एक महिला मुख्यमंत्री हैं, लेकिन भारत में यदि कहीं महिलाओं की स्थिति सबसे खराब है तो वह बंगाल में है। संदेशखाली में एक घुसपैठिया टीएमसी नेता वर्षों तक बहन-बेटियों पर अत्याचार करता रहा, लेकिन ममता बनर्जी चुप रहीं। आज संदेशखाली की पीड़िता और आरजी कर की उस बच्ची की माताजी, जिसकी हत्या हुई, दोनों भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी हैं। वे विधायक बनकर इन अत्याचारों का हिसाब-किताब करेंगी। दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज और साउथ कोलकाता मेडिकल कॉलेज सहित कई स्थानों पर बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, फिर भी ममता बनर्जी कहती हैं कि बेटियों को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। यह अत्यंत शर्मनाक

है कि एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी वे माताओं-बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पा रहीं। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद स्थिति ऐसी बनाई जाएगी कि रात 1 बजे भी कोई छोटी बच्ची स्कूटर से निकले, तो कोई गुंडा उसकी ओर आँख उठाकर देखने की हिम्मत न कर सके। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा को पूरी तरह सुनिश्चित किया जाएगा और उन्हें कोई परेशान नहीं कर पाएगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि महिलाओं के खाते में हर महीने ₹3,000 भाजपा सरकार भेज देगी। सभी बेरोज़गार युवाओं के अकाउंट में भी ₹3,000 भेजने का काम भाजपा सरकार करेगी। किसानों की किसान सम्मान निधि ₹6000 से बढ़ाकर ₹9000 की जाएगी। हर गर्भवती महिला के अकाउंट में उसके बच्चे के लिए ₹21,000 डालने का काम किया जाएगा। 5 तारीख के बाद किसी भी सरकारी बस में महिलाओं को टिकट लेने की ज़रूरत नहीं होगी और उनका सफ़र पूरी तरह मुफ़्त कराया जाएगा। हर वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां पारदर्शी तरीके से, बिना किसी घूस के, बंगाल के युवाओं को दी जाएंगी। भ्रष्टाचार करने वालों की जांच कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डाला जाएगा। साथ ही, बंगाल से बाहर गई सभी उद्योगों को वापस लाकर राज्य के युवाओं को रोजगार देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कश्मीर हमारा है और वहाँ से धारा 370 हटाई जानी चाहिए थी। ममता बनर्जी, कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई। जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आए, तो उरी में हमला हुआ और उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा में हमला हुआ तो एयर स्ट्राइक की और पहलगाम में हमला हुआ तो 'ऑपरेशन सिंदूर' करके घर में घुसकर आतंकवादियों का सफ़ाया किया। भाजपा ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। बंगाल में कमल फूल को आशीर्वाद दिया जाए और भाजपा को अवसर दिया जाए, ताकि बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराया जा सके। ममता बनर्जी ने बंगाल को तबाह कर दिया है और कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर के सपनों का बंगाल आज बुरी तरह प्रभावित हो गया है। श्री शाह ने लोगों से अपील की कि वे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर भरोसा करके 29 तारीख को भाजपा के कमल के निशान पर बटन दबाएं। भारतीय जनता पार्टी सोनार बांग्ला का निर्माण करेगी।

***************